महत्वपूर्ण / समयबद्ध

संख्या–1412(1)/आठ–1–22–08बैठक/2017

प्रेषक,

लाल धीरेन्द्र राव,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0।

3. **अध्यक्ष / जिलाधिकारी,**
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0।

4. **विहित प्राधिकारी,**
समस्त विनियमित क्षेत्र,
उ0प्र0।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 **लखनऊः दिनांकः 28 नवम्बर, 2022**

विषयः– प्रदेश के मार्गो के अनुरक्षण / नवीनीकरण / गड्ढ़ामुक्ति के संबंध में।

महोदय,

कृपया प्रदेश के मार्गो के अनुरक्षण / नवीनीकरण / गड्ढ़ामुक्ति किये जाने के संबंध में प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 23.11.2022 को आहूत समीक्षा बैठक में निम्नवत निर्देश दिये गये हैं :–

(1) गड्ढ़ामुक्ति की डेडलाइन 30 नवंबर, 2022 है इस तिथि तक समस्त कार्य अवश्य पूर्ण कर लिया जाए।

(2) नवीनीकरण की पूर्णता हेतु तिथि निर्धारित की जाए।

(3) गड्ढ़ामुक्ति के कार्यो की गुणवत्ता हेतु विभागीय स्तर पर समिति गठित कर मार्गों की गुणवत्ता का परीक्षण करा लिया जाए तथा कोई कमी पाये जाने पर इसे तत्काल ठीक करा लिया जाए।

(4) गड्ढ़ामुक्ति के संबंध में दिनांक 02.12.2022 को मुख्य सचिव महोदय के कार्यालय स्तर पर समीक्षा बैठक आहूत की जायेगी। इसके संबंध में तैयार कर ली जाए।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त दिये गये निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित कराते हुए निर्धारित प्रारूप पर सूचना निदेशक, आवास बन्धु को उपलब्ध कराते हुए उसकी एक प्रति शासन को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(लाल धीरेन्द्र राव)
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि कृपया प्राधिकरणों द्वारा किये गये गड्ढ़ामुक्ति के कार्यो की गुणवत्ता का परीक्षण रैण्डम सैम्पल से 10 प्रतिशत कार्यो का निरीक्षण अन्तर्विभागीय समिति से कराते हुए उसकी सूचना शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(2) प्रतिलिपि निदेशक, आवास बन्धु को इस आशय से प्रेषित कि प्रदेश के मार्गों के अनुरक्षण / नवीनीकरण / गड्ढ़ामुक्ति के संबंध में डिजीटल डायरी तैयार कर शासन को उपलब्ध करायें।

आज्ञा से,
28.11.2022

(लाल धीरेन्द्र राव)
संयुक्त सचिव।

D/R/GO 2021